दिन–बुधवार दिनांक– 15 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के पांचवें, छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने आज शिवहर संसदीय क्षेत्र के सिरौना में जदयू उम्मीदवार लवली आनंद के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने राजद और कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आरजेडी का मतलब है–रिश्वतखोरी, जंगलराज और दलदल। श्री नड्डा ने कहा कि जमीन से लेकर समुद्र, अंतरिक्ष और पताल तक कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किये हैं। भाजपा अध्यक्ष ने इंडी गठबंधन पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश करने का आरोप लगाया। जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चम्पारण लोकसभा क्षेत्र के भेलाही में भाजपा उम्मीदवार डॉक्टर संजय जायसवाल के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि उनके कार्यकाल में विकास के कई काम हुये। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने लड़कियों को सरकारी नौकरी में आरक्षण दिया, जिसका फायदा राज्य की बेटियों को मिल रहा है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गलत नीतियों के कारण युवाओं में निराशा का माहौल है। उन्होंने कहा कि पच्चीस करोड़ युवाओं की उम्र सीमा बीत चुकी है और वे बेरोजगार हैं। श्री यादव ने प्रधानमंत्री पर देश का गुमराह करने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पूर्वी चम्पारण लोकसभा क्षेत्र के हरसिद्धि में एनडीए उम्मीदवार राधा मोहन सिंह के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंच रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शाह आज देर शाम पटना पहुंचेंगे और पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। कल वे मधुबनी में भाजपा उम्मीदवार अशोक कुमार यादव के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए राज्य के आठ लोकसभा क्षेत्रों में आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। इन क्षेत्रों में कल नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी थी। इन लोकसभा क्षेत्रों में दो सौ उन्नीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नालंदा लोकसभा क्षेत्र से तैंतीस, पटना साहिब से बत्तीस, पाटलिपुत्र से चौबीस, आरा से बाईस, बक्सर से सत्ताईस, सासाराम से चौदह, काराकाट से सत्ताईस और जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से चालीस प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के तहत एक जून को मतदान होना है।

———————————————————————————

इधर, भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव के लिए कुल आठ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। उम्मीदवार सत्रह मई तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान एक जून को होगा।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में तेरह मई को सम्पन्न मतदान का संशोधित आंकड़ा जारी किया है। इन क्षेत्रों में अट्ठावन दशमलव दो एक प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक समस्तीपुर में साठ दशमलव एक–एक प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं, उजियारपुर में उनसठ दशमलव पांच–नौ, बेगूसराय में अट्ठावन दशमलव सात, दरभंगा में सत्तावन दशमलव तीन–सात और मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में पचपन दशमलव पांच–पांच प्रतिशत मतदान हुआ। यह आंकड़ा वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव की तुलना में एक प्रतिशत कम है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का प्रकोप एक बार फिर बढ़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौ शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इकतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, आज कैमूर, रोहतास, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल और गया जिले में ऊष्ण दिवस की स्थिति बनी हुई है।

———————————————————————————